# 3

# संज्ञा
## (Noun)

बच्चो! नीचे दिए गए चित्र में क्या-क्या दिखाई दे रहा है?

इस चित्र में चिड़िया, फव्वारा, लड़का, कुत्ता, लड़की, खरगोश, गेंद, झूला, तितली आदि दिखाई दे रहे हैं।




ये सब किसी-न-किसी चीज के नाम हैं। जैसे- खरगोश प्राणी का नाम है। गेंद खिलौने का नाम है। इस संसार में हर वस्तु की पहचान नाम से होती है। इन्हीं नामों को संज्ञा कहते हैं। इस संसार में बहुत सारे नाम हैं। जैसे-


### 1. व्यक्तियों के नाम-



बालगंगाधर तिलक



लालबहादुर शास्त्री




स्वामी विवेकानंद

### 2. स्थानों के नाम-



बगीचा



लालकिला



ताजमहल

## 3. वस्तुओं के नाम–



घड़ी



मोबाइल



पुस्तक


## 4. पशु–पक्षियों के नाम–



कौआ



शेर



घोड़ा

आओ, अब इनके अतिरिक्त कुछ अन्य संज्ञा शब्द देखें–

| | | |
|---|---|---|
| फलों के नाम | – | आम, लीची, केला, पपीता इत्यादि। |
| सब्जियों के नाम | – | पालक, लौकी, परवल इत्यादि। |
| फूलों के नाम | – | गुड़हल, चम्पा, चमेली, मोगरा इत्यादि। |
| महीनों के नाम | – | मई, जून, जुलाई, अगस्त इत्यादि। |
| दिनों के नाम | – | शुक्रवार, शनिवार, रविवार, सोमवार इत्यादि। |
| नदियों के नाम | – | गोदावरी, सतलुज, ताप्ती, ब्रह्मपुत्र इत्यादि। |

## हमने सीखा

- प्रत्येक वस्तु का कुछ न कुछ नाम होता है।
- प्रत्येक प्राणी, वस्तु, स्थान और मन के भाव की पहचान उसके नाम से होती है।
- नाम को ही संज्ञा कहते हैं।

# आओ अभ्यास करें

## (क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(1) संज्ञा किसे कहते हैं?

उत्तरः ..................................................

..................................................

(2) अपने भाई–बहनों के नाम लिखिए।

उत्तरः ..................................................

..................................................

(3) अपनी पसंद के फूलों के नाम लिखिए।

उत्तरः ..................................................

..................................................

## (ख) किन्हीं पाँच महापुरुषों के नाम लिखिए–

1. .................................... 2. ....................................
3. .................................... 4. ....................................
5. ....................................

## (ग) किन्हीं पाँच ऐतिहासिक इमारतों के नाम लिखिए–

1. .................................... 2. ....................................
3. .................................... 4. ....................................
5. ....................................

## (घ) सही संज्ञा शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए–

**बगीचे छवि बंदर बच्चे गंगा**



(1) ........................ ने पीली साड़ी पहनी है।

(2) ........................ भारत की पवित्र नदी है।

(3) मैंने चिड़ियाघर में ........................ देखा।

(4) मैदान में ........................ खो–खो खेल रहे हैं।

(5) ........................ में सुंदर फूल खिले हैं।

## (ङ) महीनों के नाम लिखिए–

1. ........................ 2. ........................

3. ........................ 4. ........................

5. ........................ 6. ........................

7. ........................ 8. ........................

9. ........................ 10. ........................

11. ........................ 12. ........................

## (च) दिनों के नाम लिखिए–

1. ........................ 2. ........................

3. ........................ 4. ........................

5. ........................ 6. ........................

7. ........................

## (छ) रेखा खींचकर सही मिलान कीजिए–

| | |
|---|---|
| व्यक्ति का नाम | सरस्वती |
| पक्षी का नाम | गुलाब |
| नदी का नाम | पंडित जवाहरलाल नेहरू |
| फल का नाम | कोयल |
| फूल का नाम | आम |

4

# सर्वनाम

## (Pronoun)



**हेमा** विद्यालय जा रही है।
**वह** कक्षा-दो में पढ़ती है।

बच्चो! लिखे हुए पहले वाक्य में लड़की का नाम '**हेमा**' आया है, जबकि दूसरे वाक्य में हेमा के स्थान पर '**वह**' शब्द का प्रयोग किया गया है।

**बंदर** पेड़ पर बैठा है।
**वह** केला खा रहा है।

बच्चो, लिखे हुए पहले वाक्य में 'बंदर' शब्द आया है, जबकि दूसरे वाक्य में बंदर के लिए 'वह' शब्द आया है। अतः 'वह' शब्द सर्वनाम शब्द है।



**जो शब्द संज्ञा या नाम के स्थान पर प्रयोग किए जाते हैं, उन्हें सर्वनाम कहते हैं।**

आओ, कुछ अन्य सर्वनाम शब्दों को देखें-

**अपने लिए**

- **मैं**
  - **मुझे**
  - **मेरा**
- **हम**
  - **हमें**
  - **हमारा**

दूसरों के लिए

- वह
  - उसे
  - उसका
- वे
  - उन्हें
  - उनका

बड़ों के लिए

- आप
  - आपने
  - आपका

छोटों व अपने बराबर वालों के लिए

- तुम
  - तुम्हें
  - तुम्हारा

नज़दीक के लिए

- यह
  - इसे
  - इसका
- ये
  - इन्हें
  - इनका

## हमने सीखा

- नाम के बदले 'मैं, तुम, तू, आप, जो, यह, वह, क्या, कौन, कुछ, कोई' आदि शब्दों का प्रयोग किया जाता है। इन्हें सर्वनाम कहते हैं।
- 'मैं और हम' स्वयं के लिए प्रयोग करते हैं।
- 'आप' शब्द अपने से बड़ों के लिए प्रयोग में लाते हैं।

## आओ अभ्यास करें

### (क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(1) संज्ञा के स्थान पर जिन शब्दों का प्रयोग किया जाता है, उन्हें क्या कहते हैं?

उत्तर: ..................................................

..................................................

(2) नज़दीक के लिए हम किन सर्वनाम शब्दों का प्रयोग करते हैं?

उत्तरः ..............................................................................

..............................................................................

(3) बच्चो, तुम अपने अध्यापक को कैसे सम्बोधित करते हो? आप या तुम?

उत्तरः ..............................................................................

..............................................................................

## (ख) सही सर्वनाम शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए–

**यह मैं हमारा मेरी हम**

(1) भारत ........................ देश है।


(2) यह किताब ........................ है।

(3) ........................ कल घूमने गया था।

(4) ........................ पुस्तक बहुत रोचक है।

(5) कल ........................ चिड़ियाघर गए थे।

## (ग) चाँद में दिए हुए सर्वनाम शब्दों को रिक्त स्थानों में लिखिए–




....................................

....................................

....................................

....................................

....................................

....................................

....................................

# 5 विशेषण
## (Adjective)



तीन आइसक्रीम



मीठा सेब



बहादुर सिपाही



मोटा बच्चा



ऊँचा मकान



हरी साड़ी

| | | | |
|---|---|---|---|
| बच्चा कैसा है? | मोटा | सेब कैसा है? | मीठा |
| साड़ी कैसी है? | हरी | सिपाही कैसा है? | बहादुर |
| मकान कैसा है? | ऊँचा | आइसक्रीम कितनी हैं? | तीन |

बच्चो! ऊपर लिखे वाक्यों में 'मोटा, हरी, ऊँचा, मीठा, बहादुर तथा तीन' शब्द क्रमशः बच्चा, साड़ी, मकान, सेब, सिपाही तथा आइसक्रीम की विशेषता बता रहे हैं। ये शब्द विशेषण हैं।

**वे शब्द जो संज्ञा एवं सर्वनाम शब्दों की विशेषता बताते हैं, वे विशेषण कहलाते हैं।**

## हमने सीखा

- संज्ञा अथवा सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्दों को 'विशेषण' कहते हैं।

## आओ अभ्यास करें

### (क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(1) विशेषण किसे कहते हैं?

उत्तर: ..............................................................................

..............................................................................

(2) सेब का स्वाद कैसा होता है?

उत्तर: ..............................................................................

..............................................................................

(3) हमारे राष्ट्रीय ध्वज में कितने रंग हैं?

उत्तर: ..............................................................................

..............................................................................

### (ख) सूरज में दिए गए विशेषण शब्दों से रिक्त स्थान भरिए–




(1) मेरे पास ...................... साड़ियाँ हैं।

(2) हमें ...................... पानी पीना चाहिए।

(3) मेरी मम्मी ...................... भोजन बनाती हैं।

(4) कोयल का रंग ...................... है।

### (ग) निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण शब्द छाँटकर लिखिए–

(1) मेरी हरी कमीज़ कहाँ है? ..............................................

(2) हम सब भारतीय हैं। ..............................................

(3) मम्मी ने दो किलो गाजर खरीदी हैं। ……………………………………

(4) हमारे अंग्रेजी के अध्यापक बहुत अच्छे हैं। ……………………………………

(5) वह लड़की बहुत सुंदर है। ……………………………………

## 3. रेखा खींचकर सही मिलान कीजिए–

| | |
|---|---|
| मीठा | करेला |
| खट्टा | किताब |
| कड़वा | सेब |
| एक | अचार |











## 4. चित्र देखकर सही विशेषण पर ( ✓ ) का चिह्न लगाइए–



- मोटी ☐
- सुंदर ☐



- पालतू ☐
- दो ☐




- खट्टी ☐
- फीकी ☐



- नमकीन ☐
- तीन ☐



- हरी ☐
- लाल ☐



- कड़वा ☐
- मीठा ☐